Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 7th September, 2023

MP PSC Notification for Examination 2023

इसलिए बढ़ते रहें।

दैनिक भास्कर इंदौर, बुधवार 06 सितंबर, 2023 | 05

एमपीपीएससी : 22 सितंबर से शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन, 17 दिसंबर को होगी प्रारंभिक परीक्षा

राज्य सेवा परीक्षा-2023 का शेड्यूल जारी, 227 पद निकाले, जिस साल विज्ञापन, उसी वर्ष परीक्षा, 8 साल में ऐसा पहली बार

भस्कर संवाददाता | इंदौर

मप्र लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) ने आठ साल बाद राज्य सेवा परीक्षा-2023 का शेड्यूल तय समय पर जारी किया है। प्रारंभिक परीक्षा भी इसी साल होगी। परीक्षा के लिए 22 सितंबर से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएंगे। आखिरी तारीख 21 अक्टूबर है। प्रारंभिक परीक्षा 17 दिसंबर को होगी। 8 दिसंबर से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

दरअसल पिछले आठ वर्ष से लगातार यह हालात बन रहे हैं कि पीएससी राज्य सेवा परीक्षा का विज्ञापन दिसंबर के अंत में जारी कर पा रहा है और प्रारंभिक परीक्षा उसके अगले साल हो पाती है, लेकिन लम्बे समय बाद ऐसा हुआ है जब विज्ञापन वाले साल में ही परीक्षा भी होगी। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार 25 सितंबर से 23 अक्टूबर के बीच करवा सकेंगे।

आखिरी नियुक्ति राज्य सेवा परीक्षा 2018 के अभ्यर्थियों की फरवरी 2019 में हुई थी, तब 286 पद भरे गए थे, उसके बाद से परीक्षाएं हुई और रिजल्ट भी आए। 2020 की परीक्षा के तो इंटरव्यू होकर चयन सूची भी आ गई, लेकिन ढाई माह से उन्हें भी नियुक्तियों का इंतजार है। राज्य सेवा परीक्षा 2019 के विवाद में फंसने से लगातार देरी हो रही है। अब 2019 परीक्षा के इंटरव्यू चल रहे हैं, इसमें 571 पद हैं। 13 अक्टूबर तक इंटरव्यू खत्म होंगे।

आयु सीमा 21 से 40 वर्ष तक

प्रारंभिक परीक्षा 17 दिसंबर रविवार को दो सत्र में होगी। पहला पेपर (सामान्य अध्यन) सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगा। दूसरा पेपर (सामान्य अभिरूचि परीक्षण) दोपहर 2.15 से 4.15 बजे के बीच होगा। आयु सीमा 21 से 40 वर्ष है। अभ्यर्थियों की आयु गणना 1 जनवरी 2024 के आधार पर की जाएगी।

27 पद डिप्टी कलेक्टर, 122 सहकारिता के

राज्य सेवा परीक्षा 2023 कुल 227 पदों के लिए होगी। इसमें डिप्टी कलेक्टर के 27, डीएसपी के 22 पद रहेंगे। वहीं अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त के 17, विकास खंड अधिकारी के 16, नायब तहसीलदार के 3, आबकारी उपनिरीक्षक के 3 और मुख्य नगर पालिका अधिकारी के 17 पद होंगे। सबसे अधिक 122 पद सहकारी निरिक्षक/सहकारिता विस्तार अधिकारी के होंगे। खास बात यह है कि पीएससी की इस परीक्षा में भी ओबीसी आरक्षण मामला कोर्ट में होने के कारण 87/13-14 का फार्मूला लागू किया है।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)